an>

**Title: Regarding opening up of a District Head Post Office in Nuapara and appointment of a Postal Supritendent too.**

**माननीय सभापति :** श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया : उपस्थित नहीं।

श्री बसंत कुमार पंडा।

**श्री बसंत कुमार पंडा** (**कालाहाण्डी**): मैं माननीय सभापति महोदय का आभा व्यक्त करता हूं कि मुझे इस सत्र में शून्य काल के दौरान बोलने का मौका मिला। माननीय प्रधान मंत्री जी और रेल मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मे जिला नुआपाड़ा में 38 पोस्ट आफिसेज़ शुरू करने की घोषणा की। मेरा संसदीय क्षे कालाहाण्डी है, जिसमें दो जिले नुआपाड़ा और कालाहाण्डी आते हैं। दोनों जिले ह आदरणीय प्रधान मंत्री जी की परिकल्पना के अनुसार आकांक्षी जिले हैं। मैं मानन रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि जिला नुआपाड़ा में 143 पोस्ट आफिसेज़ पुराने और नये बन चुके हैं। ये सभी पोस्ट आफिसेज़ तीन दशक से कार्यरत ह लेकिन नुआपाड़ा जिला पोस्ट मुख्यालय में अभी तक नया मुख्यालय स्थापित नह हुआ है। उक्त सभी पोस्ट आफिसेज़ पिछले तीन दशक से जिला कालाहांडी पोस्ट मुख्यालय से संचालित किए जा रहे हैं। पोस्टल सुविधाओं की सुगमता के लि नुआपाड़ा जिला मुख्यालय में पोस्टल मुख्यालय खोलने के साथ एक पोस्ट अधीक्षक को भी नियुक्त किया जाए, ताकि लोगों को इन सेवाओं का लाभ मिल सके इसके साथ-साथ, पोस्टल मुख्यालय खुलने के बाद पासपोर्ट आफिस खोलने के लि भी व्यवस्था हो पाएगी। भारत सरकार सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के ह पोस्ट आफिस में कोर बैंकिंग सुविधा देने पर विचार कर रही है, इसलिए यह अत्यन आवश्यक है।

मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि उपरोक्त निवेदन को स्वीकार करते हु जिलावासियों को अच्छी पोस्टल सेवायें प्रदान करने के लिए, कोर बैंकिंग सिस्टम से प्रदान करने के लिए, पासपोर्ट सेवा प्रदान करने के लिए जिला नुआपाड़ा मुख्याल

में जल्द से जल्द जिला पोस्टल मुख्यालय खोलने के साथ एक पोस्टल अधीक्षक व
नियुक्ति की जाए।